सत्यमेव जयते

झारखण्ड गजट

असाधारण अंक

झारखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

संख्या- 197 राँची, बुधवार, 1 वैशाख, 1938 (श०)
22 मार्च, 2017 (ई०)

कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग

(कृषि प्रभाग)

अधिसूचना

22 मार्च, 2017

संख्या-02/कृ०गो०विविध-73/2016-862**/कृ०,--** भारत सरकार, कार्मिक लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय के प्रशासनिक सुधार तथा लोक शिकायत विभाग के निर्देश के आलोक में ''सेवोत्तम'' कार्यक्रम के तहत कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड से संबंधित 'सिटिजन चार्टर' (परिशिष्ट-1 के रूप में संलग्न) को अधिसूचित किया जाता है ।

आदेश:- परिशिष्ट-1 के रूप में संलग्न सिटिजन चार्टर अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से संपूर्ण राज्य में प्रभावी होगी ।

झारखण्ड राज्यपाल के आदेश से,

डॉ० नितिन मदन कुलकर्णी,
सरकार के सचिव ।

परिशिष्ट-1

झारखण्ड सरकार

झारखण्ड सरकार
कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग
Citizen Charter

नेपाल हाऊस, डोरंडा
झारखण्ड, राँची
पिन-834002

विभाग का वेबसाईट - ***www.agri.jharkhand.gov.in***

सिटीजन चार्टर मूल रूप से किसी संस्थान से संबंधित भागीदारों के लिए विभिन्न प्रकार के सेवाओं को उपलब्ध कराने से संबंधित एक घोषणा है जिससे कि आम जनता को संस्थान अथवा विभाग से प्राप्त होने वाले सेवाओं तथा उसमें लगने वाले समय के विषय में जानकारी उपलब्ध रहें । इससे संस्थान अपने कार्यकलाप को पारदर्शी, उत्तरदायी तथा आमजनता के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में प्रयासरत हो जाता है । इससे विभाग से संबंधित सभी व्यक्ति को विभाग से मिलनेवाली सेवाओं की जानकारी हो जाती है तथा साथ ही सेवाओं को प्राप्त करने के लिए उनके क्या कर्त्तव्य है उसकी भी जानकारी उन्हें उपलब्ध रहती है । इस प्रकार सिटीजन चार्टर किसी भी संस्थान को और अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी बनाने तथा जनता के प्रति सुविधाजनक तरीके से सेवाओं को प्रदान करने की ओर प्रयासरत हो जाता है ।

झारखण्ड राज्य की लगभग 76% की आबादी का मुख्य आधार कृषि है । राज्य में जनजातीय लोगों की संख्या 26.20% है, जिसमें पश्चिम सिंहभूम, रॉची, गुमला, सिमडेगा, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज तथा खूंटी जिले प्रमुख है । राज्य की कुल जनसंख्या का 51.32% पुरूष तथा 48.67% महिलाएं हैं । राज्य में 11.56% Cultivator तथा 13.45% ग्रामीण मजदूर कृषि तथा उससे सम्बद्ध क्षेत्रों से जुड़े हैं । कृषि विकास की योजनाएँ एवं उन्नत/ आधुनिक तकनीक किसानों तक सुगमता से पहुँचाने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग प्रयत्नशील है ।

इस विभाग के अंतर्गत तीन प्रक्षेत्र यथा **कृषि, पशुपालन** एवं **सहकारिता** है।

कृषि प्रक्षेत्र:-

- कृषि निदेशालय
- भूमि संरक्षण निदेशालय
- उद्यान निदेशालय
- बिरसा कृषि विश्वविद्यालय
- झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद

<u>कृषि निदेशालय</u>

<u>कृषि निदेशालय के दृष्टिकोण</u>

- खाद्यान्न उत्पादन में उत्पादकता में वृद्धि लाकर राज्य को आत्मनिर्भर बनाना ।
- मृदा स्वास्थ्य कार्ड किसानों को उपलब्ध कराना ।
- कृषि यांत्रिकीकरण के तहत किसानों को कृषि उपकरण उपलब्ध कराना ।
- अनुदानित दर पर किसानों के बीच बीज वितरण कर कृषि उपादान उपलब्ध कराना ।
- रबी एवं खरीफ फसलों में कीट-व्याधियों का प्रकोप अपेक्षाकृत कम करना ।
- कृषि महोत्सव एवं कृषि रथ कार्यक्रम द्वारा किसानों के बीच तकनीकी जागरूकता लाकर उनका मनोबल एवं सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ाना ।
- जलस्त्रोत स्थित पानी एवं मिट्टी में उपस्थित नमी को बढ़ाकर फसल उत्पादन एवं सघनता बढ़ाना ।

- राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों में अधिक से अधिक विभिन्न फसलों का बीज उत्पादन कराना ।
- विभिन्न स्तर के क्षेत्रीय पदाधिकारी/कर्मचारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों को नियमित रूप से किसानों के सम्पर्क में रखना, उनकी समस्याओं के समाधान एवं निराकरण करना ।
- उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी के विक्रय का अनुज्ञप्ति निर्गत एवं अधिक से अधिक नमूना प्रयोगशाला में एकत्रित कर गुणवत्ता की जाँच करना ।
- किसान मेला एवं कृषक गोष्ठी आदि क्रिया-कलापों द्वारा कृषि /पशुपालन/ मत्स्य पालन/गव्य विकास आदि विषयों पर नई तकनीक को किसानों तक पहुँचाना ।
- किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की उपलब्ध कराना ।
- आपदा की स्थिति में किसानों को फसल बीमा योजना के संदर्भ में समुचित जानकारी उपलब्ध कराना ।

<u>कृषि निदेशालय का लक्ष्य</u>

कृषि निदेशालय के विभिन्न दृष्टिकोण के आधार पर निम्न योजनाएँ वर्तमान में राज्य में क्रियान्वित की जा रही है:-

फसल के बीजों का अनुदान पर वितरण।	**राष्ट्रीय कृषि विकास योजना।**
झारखण्ड कृषि कार्ड।	**शत-प्रतिशत बीजोपचार की योजना।**
गन्ना विकास की योजना।	**सीड बीन।**
कृषि क्लीनिक।	**बीज प्रसंस्करण इकाई।**
बीज उत्पादन।	**पूर्वी भारत में हरित क्रांति विस्तार योजना।**
कृषि मेला कार्यशाला प्रदर्शनी आदि एवं प्रशिक्षण भ्रमण, प्रोत्साहन, पुरस्कार तथा प्रचार-प्रसार की योजना।	**नेशनल मिशन फॉर ससटेनेबल एग्रीक्लचर।**
मोटे अनाज की समेकित विकास योजना।	**राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन।**
समेकित तेलहन विकास योजना।	**नेशनल मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं टेक्नोलॉजी। (क) सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्टेंशन।**
सिंगल विंडो सेन्टर की स्थापना।	**नेशनल मिशन ऑन ऑयल सीड एण्ड ऑयल पाम।**
डबल क्रॉपिंग राईस फैलों स्कीम।	**प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना।**
कृषि प्रयोगशालाओं की स्थापना एवं सुदृढीकरण।	**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना।**
परती भूमि विकास योजना	

कृषि विभाग अंतर्गत प्रदायी सेवाओं के लिए समय-सीमा की विवरणी **:-**

क्रॉ	प्रदायी सेवा का नाम	नाम निर्दिष्ट पदधिकारी	नियत समय सीमा	प्रथम अपीलीय पदाधिकारी	प्रथम अपील के निष्पादन हेतु नियम समय सीमा	द्वितीय अपीलीय पदाधिकारी	द्वितीय अपील के निष्पादन हेतु नियम समय सीमा
1	उर्वरक का थोक विक्रय	कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची।	30 कार्य दिवस	विशेष सचिव-सह-निदेशक प्रशासन, कृ०,पशु० एवं सहकारिता विभाग	15 कार्य दिवस	सचिव, कृ०,पशु० एवं सहकारिता विभाग	15 कार्य दिवस
2	उर्वरक का विनिर्माण	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
3	कीटनाशी का थोक विक्रय	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
4	कीटनाशी का विनिर्माण	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
5	बीज का थोक विक्रय	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
6	खाद की खुदरा दुकान	जिला कृषि पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी	30 कार्य दिवस	संयुक्त निदेशक, कृषि	15 कार्य दिवस	प्रमण्डलीय आयुक्त	15 कार्य दिवस
7	कीटनाशी की खुदरा	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव	तदैव
8	बीज का खुदरा दुकान	अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी/सक्षम पदाधिकारी	30 कार्य दिवस	जिला कृषि पदाधिकारी	15 कार्य दिवस	संयुक्त निदेशक, कृषि	15 कार्य दिवस

कृषि विस्तार एवं प्रौद्योगिकी पर राष्ट्रीय मिशन (SAMETI)

कृषि क्षेत्र में कृषि प्रसार कार्य को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप चलाने हेतु भारत सरकार द्वारा समय-समय पर केन्द्रीय परियोजना का सूत्रीकरण एवं कार्यान्वयन किया जाता है । जिसके चार उप मिशन निम्नवत है -

- उप मिशन कृषि प्रसार (पूर्व में कृषि प्रसार में सुधार-आत्मा योजना)
- उप मिशन बीज एवं फसल सामग्री
- उप मिशन कृषि यांत्रिकीकरण
- उप मिशन पौधा संरक्षण एवं संयत्र संघरोध

वर्तमान में भारत सरकार द्वारा संचालित उप मिशन कृषि प्रसार के तहत इस राज्य में कृषि प्रसार को बढ़ावा देने हेतु कार्य किया जा रहा है, जो राष्ट्रीय स्तर से लेकर ग्रामीण स्तर तक इस योजना के संचालन हेतु विभिन्न स्तर पर कार्यरत संस्थान निम्नवत है -

- राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय कृषि विस्तार, प्रबंधन संस्थान (मैनेज, हैदराबाद) कार्यरत
- राज्य स्तर पर राज्य स्तरीय कृषि प्रसार प्रबंधन सह प्रशिक्षण संस्थान (समेति) कार्यरत
- जिला स्तर पर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) कार्यरत
- प्रखण्ड आत्मा कोषांग (पूर्व में प्रखण्ड तकनीकी दल)
- **प्रखण्ड के आधार पर राजस्तरीय स्वीकृति समिति द्वारा स्वीकृति कार्यायोजना के विरूद्ध भारत सरकार द्वारा राशि विमुक्त होती है ।**
- **स्वीकृत कार्यायोजना के विरूद्ध राशि की प्राप्ति उपयोगिता के आधार पर होती है ।**
- **स्वीकृत कार्यायोजना के अनुसार राज्य से जिलों को एवं जिलों से संबद्ध प्रखण्ड को राशि उपलब्ध करा दी जाती है ।**

किसान कॉल सेन्टर :

- किसान कॉल सेन्टर (1800 180 1551) के द्वारा उनके समस्याओं का विशेषज्ञ तकनीकी पदाधिकारियों/वैज्ञानिकों से सूचना प्राप्त कर संतोषजनक उत्तर एवं कृषि संबंधित लघु संदेश (5 से 10 सैंकेंड का) IVRS के द्वारा सुनाया जाता है ।
- झारखण्ड राज्य से हर माह औसतन 5,000 कॉल किसान कॉल सेंटर में पहुंच रहा है जिसे और बढ़ाये जाने का प्रयास हो रहा है ।

किसान पॉर्टल :

किसान पॉर्टल में निबंधित किसानों को कृषि संबंधी सूचना उपलब्ध कराने हेतु कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों द्वारा S.M.S. के माध्यम से किसानोपयोगी सूचनाएँ उपलब्ध कराई जाती है ।

- प्रसार भारती के सौजन्य से कृषि दर्शन कार्यक्रम का वृतचित्र Youtube में अपलोड कर जिला एवं प्रखण्ड स्तर के किसानों को देखने हेतु प्रेरित किया जाता है ।

- प्रसार संबंधित गतिविधियों जैसे - किसान पाठशाला, कृषक मित्र एवं प्रत्यक्षण को Extension Reforms Monitoring Systems (ERMS) के माध्यम से किसान पॉर्टल में जोड़कर स्थानीय सूचना उपलब्ध कराया जा रहा है ।

सूचना प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि प्रसार :

- राज्य के सभी आत्मा योजना से आच्छादित जिलों एवं समेति का वेबसाईट विकसित किया गया है एवं राज्य के सभी कृषक मित्रों से आवश्यक शुल्क लेकर इफको ग्रीन सिम उपलब्ध कराया जाता है । जिससे प्रत्येक दिन चार कृषि से संबंधित Voice message प्रसारित किया जाता है ।

सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (SMAE)

क्रॉ	सेवाएँ	उत्तरदायी पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
1-	कृषकों को कृषि तकनीकी पर कृषि सलाह एवं मार्गदर्शन	सभी कृषि प्रसार पदाधिकारी	किसानों के समस्या का निराकरण एवं सही परामर्श	शून्य	शून्य	नि:शुल्क
2-	प्रशिक्षण - जिला स्तरीय	प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक	प्रखण्ड तकनीकी दल, जिला, प्रखण्ड कृषक सलाहकार समिति/ ग्राम पंचायत	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	आवासीय/ गैर आवासीय	नि:शुल्क
	राज्य स्तरीय	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)				
	अन्तर राजकीय	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)				
3-	परिभ्रमण- जिला स्तरीय	प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक	प्रखण्ड तकनीकी दल, जिला, प्रखण्ड कृषक सलाहकार समिति/ ग्राम पंचायत	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	आवासीय/ गैर आवासीय	नि:शुल्क
	राज्य स्तरीय	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)				
	अन्तर राजकीय	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)				
4-	प्रत्यक्षण - फसल के नवीनतम तकनीकी को किसान के खेत में करा कर अन्य किसानों को दिखाना	प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक/ कृषक मित्र	प्रखण्ड तकनीकी दल, जिला, प्रखण्ड कृषक सलाहकार	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सिंचाई/ यातायात सुविधा प्रक्षेत्रधारी हेतु	बीज एवं अन्य उपादान (अधिकतम रू० 4000 प्रति

क्रॉ	सेवाएँ	उत्तरदायी पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
			समिति/ ग्राम पंचायत			प्रत्यक्षण)
5-	किसान मेला - कृषि की नवीन तकनीक, कृषि यंत्र, उत्कृष्ठ फसल (फल, फूल, सब्जी), आदि का प्रदर्शन	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक/ कृषक मित्र	सभी कृषक	सभी इच्छुक कृषक	जिला/प्रखण्ड स्तर पर आयोजन	नि:शुल्क
6-	कृषक गोष्ठी	प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	ग्राम/पंचायत स्तर (गैर आवासीय)	नि:शुल्क
7-	कृषक वैज्ञानिक अन्तर मिलन	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)	आवश्यकता आधारित प्रति प्रखण्ड दो से चार किसान	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	जिला/प्रखण्ड स्तर (गैर आवासीय)	नि:शुल्क
8-	कृषि के नये तकनीकों का प्रचार प्रसार हेतु लिफलेट, फोल्डर एवं पोस्टर आदि का मुद्रण एवं वितरण	परियोजना निदेशक एवं उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक	अभिनव तकनीक		लिफलेट, फोल्डर एवं पोस्टर आदि का मुद्रण एवं वितरण	नि:शुल्क

क्रॉ	सेवाएँ	उत्तरदायी पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
9-	कृषक पाठशाला - इसमें किसानों के समूह को एक हेक्टेयर क्षेत्र में प्रत्यक्षण कराते हुए विभिन्न स्तरों पर खेत में 6 बार प्रशिक्षण	प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक/ सहायक तकनीकी प्रबंधक/ पाठशाला संचालक	प्रखण्ड तकनीकी दल, जिला, प्रखण्ड कृषक सलाहकार समिति/ ग्राम पंचायत	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	चिन्हित फसल (गैर आवासीय)	नि:शुल्क

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-धान

क्रं.स.	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
1-	संकुल प्रत्यक्षण - फसल के नवीनतम तकनीकी को किसान के खेत में करा कर अन्य किसानों को दिखाना	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी/ तकनीकी सहायक	संकुल आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सिंचाई / यातायात सुविधा प्रक्षेत्रधारी हेतु	बीज एवं अन्य उपादान
	क. सोल क्रोप					(अधिकतम रू० 7500 प्रति हेक्टेयर)
	ख. सिक्वेंस क्रोप					(अधिकतम रू० 12500 प्रति हेक्टेयर)
2-	बीज वितरण - कृषकों के बीच बीज वितरण	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	उन्नतशील प्रभेद रू० 10/- प्रति किलो एवं संकर रू० 50/- प्रति

क्रं.स.	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
		/तकनीकी सहायक/लैम्प्स एवं पैक्स के पदाधिकारी				किलोग्राम अनुदान
3-	समेकित पोषक तत्व प्रबंधन - बोरेक्स, चुना/डोलोमाईट	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी/ तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	बोरेक्स-50 प्रतिशत या रू० 500/- एवं चुना/ डोलोमाईट-50 प्रतिशत या रू० 1000/- जो दोनो में कम अनुदान
4-	समेकित कीट प्रबंधन - पौधा संरक्षण संबंधी रसायन, कीट व्याधि सुरक्षा, खरपतवार नाशी	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी/ तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	पौधा संरक्षण संबंधी रसायन, कीट व्याधि एवं खरपतवार नाशी 50 प्रतिशत या रू० 500/- प्रति हे० जो दोनो में कम अनुदान
5-	कृषि यांत्रिकरण - कोनोवीडर, नैपसेक स्प्रेयर, जीरोटील सीड ड्रील, सीड ड्रील, रोटाभेटर, पम्पसेट	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी/ तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	कोनोवीडर, नैपसेक स्प्रेयर-रू 600 प्रति इकाई, जीरोटील सीड ड्रील, सीड ड्रील - रू० 15000 प्रति इकाई, रोटाभेटर - रू० 35000 प्रति इकाई, पम्पसेट- रू० 10000 या 50 प्रतिशत जो कम हो अनुदान

क्रं.स.	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
6-	कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला - फसल के विभिन्न स्तरों पर खेत में 4 बार प्रशिक्षण	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	चिन्हित फसल (गैर आवासीय)	नि:शुल्क
7-	मृदा परीक्षक डिजिटल मिनी लैब	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	ईच्छुक कृषक	रू० 90000 प्रति इकाई या 50 प्रतिशत जो कम हो अनुदान

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-दलहन

क्रॉ	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
1-	संकुल प्रत्यक्षण - फसल के नवीनतम तकनीकी को किसान के खेत में करा कर अन्य किसानों को दिखाना	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	संकुल आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सिंचाई/ यातायात सुविधा प्रक्षेत्रधारी हेतु	बीज एवं अन्य उपादान
	क. सोल क्रोप एवं इंटर क्रोपिंग	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	संकुल आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सिंचाई/ यातायात सुविधा प्रक्षेत्रधारी हेतु	(अधिकतम रू० 7500 प्रति हेक्टेयर)
	ख. सिक्वेंस क्रोप					(अधिकतम रू० 12500 प्रति हेक्टेयर)

क्रॉ	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
2-	बीज वितरण - कृषकों के बीच बीज वितरण	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक/लैम्प्स एवं पैक्स के पदाधिकारी	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	उन्नतशील प्रभेद रू० 25/- प्रति किलो या 50 प्रतिशत जो कम अनुदान
3-	समेकित पोषक तत्व प्रबंधन - बोरेक्स, चुना/डोलोमाईट	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	बोरेक्स-50 प्रतिशत या रू० 500/- एवं चुना/ डोलोमाईट-50 प्रतिशत या रू० 1000/- जो दोनो में कम अनुदान
4-	समेकित कीट प्रबंधन - पौधा संरक्षण संबंधी रसायन, कीट व्याधि सुरक्षा, खरपतवार नाशी	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	पौधा संरक्षण संबंधी रसायन, कीट व्याधि एवं खरपतवार नाशी 50 प्रतिशत या रू० 500/- प्रति हे० जो दोनो में कम अनुदान
5-	कृषि यांत्रिकरण - मेनुअल स्प्रेयर, नैपसेक स्प्रेयर, जीरोटील सीड ड्रील, सीड ड्रील, रोटाभेटर, पम्पसेट, रीड्ज फुरो प्लाण्टर, मल्टीक्रोप थ्रेसर	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	मेनुअल स्प्रेयर, नैपसेक स्प्रेयर-रू० 600 प्रति इकाई, जीरोटील सीड ड्रील, सीड ड्रील, रीड्ज फुरो प्लाण्टर - रू० 15000 प्रति इकाई,

क्रॉ	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शुल्क
						रोटाभेटर - रू० 35000 प्रति इकाई, पम्पसेट-रू० 10000, मल्टीक्रोप थ्रेसर-रू० 40000 या 50 प्रतिशत जो कम हो अनुदान
6-	कृषक प्रक्षेत्र पाठशाला - फसल के विभिन्न स्तरों पर खेत में दो खरीफ मेंएवं 2 रबी में बार प्रशिक्षण	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	चिन्हित फसल (गैर आवासीय)	नि:शुल्क
7-	स्थानीय पहल - क. थ्रेसिंग फ्लोर ख. सीड ग्रेडर ग. मिनी दाल मील	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	ईच्छुक कृषक	थ्रेसिंग फ्लोर-रू० 57500, सीड ग्रेडर-रू० 80000, मिनी दाल मील-रू0 953000 प्रति इकाई या 50 प्रतिशत जो कम हो अनुदान

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन-मोटे अनाज

क्रं.स.	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शूल्क	अभ्युक्ति
1-	संकुल प्रत्यक्षण - फसल के नवीनतम तकनीकी को किसान	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक	संकुल आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान	सिंचाई / यातायात	बीज एवं अन्य उपादान	

क्रं.स.	सेवाएँ	जिम्मेवार पदाधिकारी	प्रक्रिया	दस्तावेज	प्रकार	शूल्क	अभ्युक्ति
	के खेत में करा कर अन्य किसानों को दिखाना	(आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक		पत्र, जमीन रसीद	सुविधा प्रक्षेत्रधारी हेतु	(अधिकतम रू० 5000 प्रति हेक्टेयर)	
2-	बीज वितरण - कृषकों के बीच बीज वितरण	परियोजना निदेशक / उप परियोजना निदेशक (आत्मा)/ जिला परामर्शी / तकनीकी सहायक/लैम्प्स एवं पैक्स के पदाधिकारी	आवश्यकता आधारित	आधार कार्ड एवं कोई अन्य पहचान पत्र, जमीन रसीद	सभी कृषक	उन्नतशील प्रभेद रू० 15/-, संकर- रू० 50/- प्रति किलो या 50 प्रतिशत जो कम अनुदान	

कृषि प्रसार प्रबंधन में स्नाकोत्तर डिप्लोमा (पी०जी०डी०ए०ई०एम०) :
PG Diploma in Agriculture Extension Management (PGDAEM):

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य -डिप्लोमा के माध्यम से प्रसार की नई तकनीक की जानकारी प्रसार कर्मियों को उपलब्ध कराना। प्रसार कर्मियों के क्षमता विकास एवं ज्ञानवृद्धि करना । डिप्लोमा के माध्यम से कार्यक्षमता में वृद्धि करते हुए प्रेरित करना ।

उपादान विक्रेता के लिए कृषि प्रसार सेवा में डिप्लोमा पाठ्यक्रम) [D.A.E.S.I]

उद्देश्य :

- स्थानीय कृषि उत्पादन तकनीकी और क्षेत्र की समस्याओं से संबंधित प्रथाओं के विशेष पैकेज के विशिष्ट फसल उत्पादन प्रौद्योगिकियों पर उन्मुखीकरण ।
- उपादानों हेतु इनपुट डीलरों का क्षमता निर्माण ।
- इनपुट डीलरों को किसानों/कृषक महिलाओं के लिए एक प्रभावी स्रोत बनाना ।
- उक्त कार्य के उपादान विक्रेताओं के ज्ञान संवर्द्धन हेतु रामगढ़, हजारीबाग, देवघर एवं गढ़वा कुल 04 (चार) केन्द्र की स्थापना किया गया है, जिससे उपादान विक्रेताओं का ज्ञान बढ़ाने के साथ-साथ स्थानीय कृषकों को उचित सलाह दिया जा सकेगा ।

प्रसार गतिविधियाँ

- कृषकों के ज्ञानवर्द्धन एवं क्षमता विकास हेतु जिला स्तर पर किसान मेला-सह-प्रदर्शनी का आयोजन करना ।
- आत्मा द्वारा अन्तर राजकीय, राजकीय एवं जिलान्तर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजन करना।
- किसानों द्वारा किसानों के प्रक्षेत्र में प्रत्यक्षण अन्तर्गत कृषि प्रत्यक्षण एवं कृषि संबंद्ध क्षेत्र में प्रत्यक्षण आयोजन करना ।
- कृषकों के प्रक्षेत्र में प्रगतिशील कृषकों द्वारा कृषक पाठशाला का संचालन करना ।
- किसान वैज्ञानिक अन्तर मिलन कार्यक्रम कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से कार्यान्वित करना ।
- किसानोपयोगी प्रचार-प्रसार सामग्री का लिफ्लेट, फोल्डर, बैनर आदि को विकसित कर किसानों के बीच वितरित करना ।

नये योजना-क्लामेंट चेंज नॉलेज नेटवर्क इन इंडियन एग्रीकल्चर (CCKN-IA)

- भारत सरकार और जर्मन सरकार के संयुक्त तत्वावधान में क्लाईमेंट चेंज नॉलेज नेटवर्क इन इंडियन एग्रीकल्चर (CCKN-IA) योजना का झारखण्ड राज्य में राँची (ओरमॉझी एवं अनगढ़) एवं पूर्वी सिंहभूम (पटमदा एवं बोड़ाम) जिलों के दो-दो प्रखण्ड में चलाया जा रहा है ।

- इस कार्यक्रम के तहत आत्मा जिलों के प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक विस्तार एजेंट के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करते हैं ।
- कृषि सूचना का समुचित उपयोग के लिए कृषि सूचना प्रणाली NICE + पोर्टल का निर्माण किया गया है, जिसमें सभी तरह की सूचना संग्रहित किया जाता है ।

<u>झारखण्ड राज्य बीज प्रमाणन एजेंसी</u>

1- **बीज प्रमाणन के लिए** प्रमाणन संस्था द्वारा निर्धारित आवेदन पत्र में प्रमाणन हेतु आवेदन किया जा सकता है ।

2- निरीक्षण, प्रमाणन एवं बीज परिसंस्करण सयंत्रों का निबंधन शुल्क/नवीकरण शुल्क टैग पुन: बीज शुल्क एवं विलम्ब शुल्क निम्न प्रकार है-

क्रॉ	शुल्क		अभ्युक्ति
1	निबंधन शुल्क 25/- प्रति		आवेदन प्रति मौसम
2	निरीक्षण शुल्क	स्वयं परागित फसल 250 रू० प्रति हेक्टेयर	
		पदपदागित फसल - 300 रू० प्रति हेक्टेयर	
3	बीज परिसस्करण निबंधन शुल्क 3000 रू०।		
4	बीज परिसस्करण नवीकरण शुल्क 1500 रू० प्रति वर्ष।		
5	आधार टैग 3 रू० एक प्रति।		
6	प्रमाणित टैग 2.50 रू० एक प्रति।		
7	पुन: जाँच शुल्क 35 रू० प्रति नमुना।		
8	विलम्ब शुल्क 50 रू० प्रति आवेदन पत्र।		

1. प्रमाणन के निबंधन हेतु अंतिम तिथि -

क) गरमा फसल अप्रैल माह के अंत तक विलम्ब शुल्क के साथ मई माह के अंत तक ।

ख) खरीफ फसल जुलाई माह के अंत तक विलम्ब शुल्क के साथ अगस्त माह के अंत तक ।

ग) धान, कुल्थी, उरद, मूँग एवं सरगुजा अगस्त माह के अंत तक विलम्ब शुल्क के साथ सितम्बर माह के अंत तक ।

घ) रबी फसल नवम्बर माह के अंत तक विलम्ब शुल्क के साथ दिसम्बर माह के अंत तक ।

ड.) केवल गेंहूँ 15 जनवरी तक विलम्ब शुल्क के साथ 31 जनवरी तक ।

मुख्यमंत्री जन संवाद कोषांग

क्र०सं०	पदाधिकारी	मोबाईल नं०
1	श्री मुकेश कुमार सिन्हा उप कृषि निदेशक (सा०) कृषि निदेशालय, झारखण्ड, राँची।	7033403577

सूचना का अधिकार

विभिन्न स्तर के जन सूचना पदाधिकारी/प्रथम अपीलीय पदाधिकारी:-

(क) कृषि निदेशालय, झारखण्ड हेतु

- ✓ **उप कृषि निदेशक (सामान्य), कृषि निदेशालय, झारखण्ड - जन सूचना पदाधिकारी ।**
- ✓ **कृषि निदेशक, झारखण्ड, राँची - प्रथम अपीलीय पदाधिकारी ।**

(ख) क्षेत्रीय कार्यालय हेतु

- ✓ **संयुक्त कृषि निदेशक - प्रथम अपीलीय पदाधिकारी ।**
- ✓ **जिला कृषि पदधिकारी - जन सूचना पदाधिकारी ।**
- ✓ **अनुमण्डल कृषि पदाधिकारी (सा०) - जन सूचना पदाधिकारी/ सहायक जन सूचना पदाधिकारी ।**
- ✓ **प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी - सहायक जन सूचना पदाधिकारी ।**
- ✓ **कृषि निरीक्षक - सहायक जन सूचना पदाधिकारी ।**

भूमि संरक्षण निदेशालय

भूमि संरक्षण निदेशालय के दृष्टिकोण

1- राज्य में सरकारी /निजी तालाबों का जीर्णोद्धार कर वर्षा जल को संग्रहित करते हुए अतिरिक्त सिंचाई सुविधा सुनिश्चित करने के साथ ही साथ सौर ऊर्जा चालित डीप बोरिंग का निर्माण करते हुए कृषि उत्पादकता हेतु सिंचाई उपलब्ध कराया जाना ।

2- महिला समूहों के बीच कृषि यांत्रिकीकरण के प्रोत्साहन हेतु छोटे कृषि उपकरण बैंक की स्थापना करते हुए समूह के द्वारा यंत्रो का उपयोग स्वयं तथा अन्य को भाड़े पर उपलब्ध कराया जाना ।

<u>भूमि संरक्षण निदेशालय का लक्ष्य:-</u>

क्रॉ	योजना का नाम	अनुदान	योजना का कार्यान्वयन	उत्तरदायी पदाधिकारी
1	2	3	4	5
1	बंजर भूमि/राईस फैलो विकास योजनान्तर्गत राज्य के सभी जिलों में विशेष सिंचाई सुविधा अंतर्गत पाँच एकड़ से कम जल क्षेत्र वाले सरकारी/निजी तालाबों को मशीन द्वारा	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान	तालाब से लाभान्वित कृषकों द्वारा गठित पानी पंचायत समिति के द्वारा मशीन के मशीन के माध्यम से तालाब जीर्णोद्धार का कार्य किया जाता है । योजना कार्य पूर्ण करने की कालावधि **50** दिन ।	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी
2	जलनिधि योजनान्तर्गत राज्य के सभी जिलो में विशेष सिंचाई सुविधा अंतर्गत डीप बोरिंग के निर्माण की योजना	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान	डीप बोरिंग से लाभान्वित कृषकों द्वारा गठित पानी पंचायत समिति के द्वारा मशीन के माध्यम से कार्य किया जाता है। योजना बनाओ अभियान के तहत् चयनित योजनाओ का आवेदन पत्र सिंगल विंडो सेंटर के माध्यम से अथवा भूमि संरक्षण कार्यालय में कृषक के द्वारा जमा किये जाने के उपरांत योजना स्थल का सर्वेक्षण कार्य/योजना अभिलेख से संबंधित अन्य कार्य इत्यादि पूर्ण होने के उपरांत अधिकतम **50** दिनो में किया जाना है।	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी

3	महिला स्वयं सहायता समूहो के लिए कृषि यांत्रिकीकरण प्रोत्साहन की योजना	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान	झारखण्ड स्टेट लाइवलीहूड प्रोमोशन सोसायटी (JSLPS) द्वारा उपलब्ध कराये गये महिला स्वयं सहायता समूहों की सूची के बीच ही उक्त योजना का कार्यान्वयन किया जाता है । जिसके तहत् समूह द्वारा छोटे परन्तु उपयोगी कृषि यंत्र आवश्यकतानुसार क्रय किया जाना है । महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा प्राप्त सूची का अनुमोदन जिला के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमिटी से अनुमोदनोपरान्त योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति संबंधित लाभूक को दी जायेगी तदोपरान्त कृषक के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कृषि यंत्र का क्रय किये जाने के उपरांत क्रय किये गये कृषि यंत्रो का रसीद, आधार नं० एवं बचत बैंक खाता की विवरणी के साथ अनुदान की राशि का दावा संबंधित भूमि संरक्षण पदाधिकारी के कार्यालय में किये जाने के उपरांत एक सप्ताह के अंदर अनुदान की राशि संबंधित समूहों के खाता में RTGS के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी ।	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी

4	छोटे एवं सीमान्त कृषको तथा स्वयं सहायता समूहों/ किसान क्लब को पम्प सेट वितरण की योजना	सरकार द्वारा निर्धारित अनुदान	मनरेगा के तहत् निर्मित सिंचाई कूप से लाभान्वित कृषकों के बीच अनुदानित दर पर कूप के आकार के आधार पर पम्प सेट एवं HDPE Pipe का वितरण किया जाना है। सूची का अनुमोदन जिला के उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित कमिटी से अनुमोदनोपरान्त योजना कार्यान्वयन की स्वीकृति संबंधित लाभूक को दी जायेगी तदोपरान्त कृषक के द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार Pump एवं Pipe का क्रय किये जाने के उपरांत क्रय किये गये Pump एवं Pipe का रसीद, आधार नं० एवं बचत बैंक खाता की विवरणी के साथ अनुदान की राशि का दावा संबंधित भूमि संरक्षण पदाधिकारी के कार्यालय में किये जाने के उपरांत एक सप्ताह के अंदर अनुदान की राशि संबंधित समूहों के खाता में RTGS के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी ।	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण पदाधिकारी/भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी

सूचना उपलब्ध कराने संबंधी सेवायें :-

1.	जन सूचना पदाधिकारी	1.	उप निदेशक, भूमि संरक्षण, राँची - अपने कार्यालय एवं भूमि
		2.	उप निदेशक, भूमि संरक्षण अनुसंधान, एवं प्रशिक्षण केन्द्र,
		3.	जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी - सभी
		4.	सहायक निदेशक (सर्वे), भूमि संरक्षण, राँची
		5.	सहायक निदेशक (सर्वे), भूमि संरक्षण, हजारीबाग
2.	प्रथम अपीलीय प्राधिकार	1.	संयुक्त कृषि निदेशक (अभियंत्रण), भूमि संरक्षण निदेशालय, झारखण्ड, राँची - भूमि संरक्षण निदेशालय (मुख्यालय) एवं
		2.	उप निदेशक, भूमि संरक्षण, हेहल, राँची-भूमि संरक्षण

मुख्यमंत्री जनसंवाद केन्द्र के निदेशालय स्तर पर घोषित नोडल पदाधिकारी :-**श्री ब्रह्मदेव साह**, **सहायक निदेशक** (**सर्वे**), **भूमि संरक्षण**, **राँची ।**

<u>उद्यान निदेशालय</u>

<u>उद्यान निदेशालय के दृष्टिकोण</u>

- उद्यानिकी फसल उत्पादकता में उत्तरोत्तर वृद्धि लाकर राज्य के किसानों को आत्मनिर्भर बनाना है ।
- बागवानी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना जिसमें बांस और नारियल भी शामिल है । इस क्रम में प्रत्येक राज्य अथवा क्षेत्र की जलवायु विविधता के अनुरूप क्षेत्र आधारित अलग-अलग कार्यनीति अपनाना । अनुसंधान तकनीक को बढ़ावा, विस्तारीकरण, फसलोपरान्त प्रबंधन, प्रसंस्करण और विपणन इत्यादि ।
- कृषकों की आर्थिक सशक्तता के लिए एफआईजी, एफपीओ जैसे कृषक समूहों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना ।
- बागवानी उत्पादन की उन्नति, कृषक संख्या में वृद्धि, आमदनी एवं पोषाहार सुरक्षा ।
- गुणवत्ता, पौध सामग्री एवं सूक्ष्म सिंचाई के प्रभावी उपयोग के द्वारा उत्पाकता में सुधार ।
- बागवानी क्षेत्र में ग्रामीण युवाओं में मेधा विकास को प्रोत्साहन देना और रोजगार उत्पन्न करना तथा खासकर फसलोपरान्त शीत श्रृंखला के क्षेत्र में उचित प्रबंधन ।

- राजकीय नर्सरियों एवं प्रोजनीबागों में अधिक से अधिक विभिन्न फसलों के पौधों का उत्पादन करना ।
- शीतगृह के निर्माण के पश्चात इच्छुक किसानों से प्राप्त आवेदन के आधार पर अनुज्ञप्ति निर्गत करना ताकि किसानों के उत्पाद का समुचित सुरक्षित भंडारण हो सके ।

<u>उद्यान निदेशालय के लक्ष्य</u>

- राष्ट्रीय कृषि विकास योजना
- पौष्टिक फल पौधे एवं सब्जी का विकास।
- नर्सरी की स्थापना एवं विकास।
- विशेष फसल योजना- केला उत्पादन/फूल उत्पादन।
- गुणवत्तायुक्त सब्जी एवं फूल के सैपलिंग की योजना।
- जैविक खाद उत्पादन का प्रोत्साहन।
- राज्य औषधीय मिशन /मशाला मिशन /राज्य जैविक मिशन /राज्य बागवानी मिशन

क्र.	कार्यक्रम	क्षेत्र / ईकाई	यूनिट खर्च राशि	अधिकतम अनुदान राशि (रु.)
	(iii) पौध सामग्री एवं आर्किड तथा एन्थूरियम की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती	—	700 रु. / वर्ग मी	350 रु. / वर्ग मी
		—		
	(iv) पौध सामग्री एवं कारनेशन तथा जरबेरा की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती।	—	610 रु. / वर्ग मी	305 रु. / वर्ग मी
	(v) पौध सामग्री एवं गुलाब तथा लीलियम की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती	—	426 रु. / वर्ग मी	213 रु. / वर्ग मी
		—		
19.	आई.एन.एम. / आई.पी.एम. प्रोत्साहन			
	IPM	1 हे.	4000 रु.	1200 रु.
	INM	1 हे.	4000 रु.	1200 रु.
20.	जैविक खेती	1 हे.	20000 रु.	10000 रु.
21.	जैविक खेती प्रमाणीकरण (प्रोजेक्ट आधारित)	50 हे. सामुदायिक	5.00 लाख	5.00 लाख
22.	वर्मी कम्पोस्ट ईकाई	1 हे.	60000 रु.	30000 रु.
23.	मधुमक्खी पालन (कॉलोनी)	—	2000 रु.	800 रु.
	(i) छत्ता	—	2000 रु.	800 रु.
24.	हार्टिकल्चर संयत्रीकरण (Mechanization)	1	50.00 लाख	50.00 लाख
	(i) FLD	4	25.00 लाख	18.75 लाख
	इन्टीग्रेटेड पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेण्ट			
25.	पैक हाउस (9 M× 6M)	1	4.00 लाख	2.00 लाख
26.	मोबाईल प्री. कूलिंग ईकाई	1	25.00 लाख	8.75 लाख
27.	शीत गृह (30 MT)	—	15.00 लाख	5.25 लाख
	कोल्ड स्टोरेज स्थापना / आधुनिकीकरण (बैक इण्डेड)		रु. 8000 / MT	अधिकतम 5000 MT
28.	रेफ्रिजरेटर वैन (9 MT) (बैक इण्डेड)	—	26.00 लाख	9.10 लाख
29.	राइपेनिंग चेम्बर	—	1.00 लाख	0.35 लाख
30.	वाष्पीकृत / कम उर्जा शीत गृह (8MT)	1	5.00 लाख	2.50 लाख
31.	प्राइमरी / मोबाईल / प्रोसेसिंग यूनिट (बैक इण्डेड)	1	25.00 लाख	10.00 लाख
32.	कम लागत प्याज संरक्षण ईकाई (25MT)	1	1.75 लाख	0.875 लाख
33.	प्रिजरवेशन यूनिट (कम लागत)	1	2.00 लाख	1.00 लाख
34.	पूसा जीरो इनर्जी कूल चेम्बर (100kg)	1	4000 रु.	2000 रु.
35.	ग्रामीण बाजार / अपनी मंडी (बैक इण्डेड)	—	25.00 लाख	10.00 लाख
36.	खुदरा बाजार / दुकान (बैक इण्डेड)	1 ई.	15.00 लाख	5.25 लाख
37.	मोबाईल वेंडिंग कार्ट	1	30000 रु.	15000 रु.
38.	क्लेक्शन ग्रेडिंग एवं पैकिंग यूनिट (बैक इण्डेड)		15.00 लाख	6.00 लाख

निदेशक
राज्य बागवानी मिशन, झारखण्ड

क्र.	कार्यक्रम	क्षेत्र / ईकाई	यूनिट खर्च राशि	अधिकतम अनुदान राशि (रु.)
	(iii) पौध सामग्री एवं आर्किड तथा एन्थूरियम की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती	—	700 रु. / वर्ग मी	350 रु. / वर्ग मी
		—		
	(iv) पौध सामग्री एवं कारनेशन तथा जरबेरा की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती।	—	610 रु. / वर्ग मी	305 रु. / वर्ग मी
	(v) पौध सामग्री एवं गुलाब तथा लीलियम की पॉली हाउस / शेड नेट में खेती	—	426 रु. / वर्ग मी	213 रु. / वर्ग मी
		—		
19.	आई.एन.एम. / आई.पी.एम. प्रोत्साहन			
	IPM	1 हे.	4000 रु.	1200 रु.
	INM	1 हे.	4000 रु.	1200 रु.
20.	जैविक खेती	1 हे.	20000 रु.	10000 रु.
21.	जैविक खेती प्रमाणीकरण (प्रोजेक्ट आधारित)	50 हे. सामुदायिक	5.00 लाख	5.00 लाख
22.	वर्मी कम्पोस्ट ईकाई	1 हे.	60000 रु.	30000 रु.
23.	मधुमक्खी पालन (कॉलोनी)	—	2000 रु.	800 रु.
	(i) छत्ता	—	2000 रु.	800 रु.
24.	हार्टिकल्चर संयत्रीकरण (Mechanization)	1	50.00 लाख	50.00 लाख
	(i) FLD	4	25.00 लाख	18.75 लाख
	इन्टीग्रेटेड पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेण्ट			
25.	पैक हाउस (9 M× 6M)	1	4.00 लाख	2.00 लाख
26.	मोबाईल प्री. कूलिंग ईकाई	1	25.00 लाख	8.75 लाख
27.	शीत गृह (30 MT)	—	15.00 लाख	5.25 लाख
	कोल्ड स्टोरेज स्थापना / आधुनिकीकरण (बैक इण्डेड)		रु. 8000 / MT	अधिकतम 5000 MT
28.	रेफ्रिजरेटर वैन (9 MT) (बैक इण्डेड)	—	26.00 लाख	9.10 लाख
29.	राइपेनिंग चेम्बर	—	1.00 लाख	0.35 लाख
30.	वाष्पीकृत / कम उर्जा शीत गृह (8MT)	1	5.00 लाख	2.50 लाख
31.	प्राइमरी / मोबाईल / प्रोसेसिंग यूनिट (बैक इण्डेड)	1	25.00 लाख	10.00 लाख
32.	कम लागत प्याज संरक्षण ईकाई (25MT)	1	1.75 लाख	0.875 लाख
33.	प्रिजरवेशन यूनिट (कम लागत)	1	2.00 लाख	1.00 लाख
34.	पूसा जीरो इनर्जी कूल चेम्बर (100kg)	1	4000 रु.	2000 रु.
35.	ग्रामीण बाजार / अपनी मंडी (बैक इण्डेड)	—	25.00 लाख	10.00 लाख
36.	खुदरा बाजार / दुकान (बैक इण्डेड)	1 ई.	15.00 लाख	5.25 लाख
37.	मोबाईल वेंडिंग कार्ट	1	30000 रु.	15000 रु.
38.	क्लेक्शन ग्रेडिंग एवं पैकिंग यूनिट (बैक इण्डेड)		15.00 लाख	6.00 लाख

निदेशक
राज्य बागवानी मिशन, झारखण्ड

झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद के दृष्टिकोण

- झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद की स्थापना का उद्देश्य है, बाजारों की स्थापना करना और ऐसे बाजारों में कृषि उपज के क्रय-विक्रय को विनियमित करना ।
- राज्य में कृषि उपज के लिए मण्डी स्थापित करना एवं किसानों को कृषि उपज का लाभकारी मूल्य दिलाना ।
- आधुनिक बाजार प्रांगण का निर्माण कर कृषकों एवं व्यापारियों के साथ-साथ उपभोक्ताओं को एक ही स्थल पर क्रय-विक्रय की सुविधा उपलब्ध कराना ।

ई-ट्रेडिंग :-

भारत सरकार के पहल पर ई-ट्रेडिंग हेतु झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद, राँची के 19 बाजार समितियों का चयन किया गया है, जिसमें प्रथम चरण में बाजार समिति, राँची को सम्बद्ध किया गया है । झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद, राँची के प्रस्ताव के आलोक में बाजार समिति, धनबाद, जमशेदपुर, डालटनगंज, चाईबासा, गुमला, सिमडेगा एवं लोहरदगा को ई-ट्रेडिंग हेतु ऑनलाईन सम्बद्ध किया गया है ।

ई-ट्रेडिंग के माध्यम से किसानों के उनके उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से दूसरे राज्यों से ई-ट्रेड को बढ़ावा देना है ।

झारखण्ड के विभिन्न बाजार प्रांगण/हाट बाजार में किसानों को उनके उपज के बेहतर विपणन व्यवस्था देने हेतु आधारभूत संरचनाओं का निर्माण विपणन पर्षद/बाजार समितियों द्वारा किया गया है ।

झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद के लक्ष्य

झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद द्वारा मॉडल एक्ट लागू किया जा चुका है, जिसमें निम्न प्रावधान किए गए है, जो विपणन Reforms में सहायक होगा:-

1) कृषि उपज के सीधी बिक्री एवं देश में कृषि मण्डी के प्रबन्धन एवं विकास में सरकारी एवं गैर सरकारी भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निजी मण्डियां/यार्डों, सीधी (डायरेक्ट) विक्रय केन्द्रों, उपभोक्ता/कृषक मण्डियों के स्थापना हेतु उपबन्ध किया गया है ।
2) इसमें आलू-प्याज, फल-फूल, सब्जी आदि जैसे उत्पादों के लिए अलग से विशेष मण्डियां खोलने का भी प्रावधान किया गया है ।

3) देश में संविदा कृषि प्रबन्धन को चलाने और विकसित करने के लिए इस अधिनियम में अलग से अध्याय शामिल किया गया है, जिसमें उत्पादक के साथ कृषि वस्तुओं के किसी भी प्रकार के क्रय-विक्रय में कमीशन एजेन्सियों के शामिल होने पर प्रतिबंध लगाने का प्रावधान किया गया है ।

4) वैकल्पिक विपणन प्रणाली, संविदा कृषि, प्रत्यक्ष विपणन तथा कृषक/उपभोक्ता मण्डियों को बढ़ावा देने में मौजूदा कृषि उत्पादन बाजार समिति के भूमिका को पुन: परिभाषित किया गया है ।

5) इसमें मूल्य-बर्द्धन (वेल्यू एडिशन), मानकीकरण, श्रेणीकरण, गुण-प्रमाणन, मण्डी आधारित विस्तार एवं विपणन सम्बन्धी क्षेत्र में कृषक तथा मण्डी कर्मियों के प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के लिए झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद की भूमिका को पुन: परिभाषित किया गया है ।

6) इसमें प्रतिभूति ऋण, ई-ट्रेरेडिंग, सीधी खरीद, निर्यात, भावी/वायदा व्यापार तथा कृषि वस्तुओं के बिक्री हेतु वेयरहाउसिंग रसीद प्रणाली को लागू करने का प्रावधान किया गया है ।

इस प्रकार झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद के प्रयास से मॉडल एक्ट के माध्यम से कृषि मण्डियों में राष्ट्रव्यापी एकीकरण, निजी एवं सरकारी क्षेत्रों में प्रतिस्पर्द्धात्मक कृषि मण्डियों के विकास को सहज बनाने, विपणन सम्बन्धी आधारभूत संरचना में व्यापक निवेश के लिए प्रेरक वातावरण सृजित करने तथा मौजूदा मण्डियों को आधुनिक एवं सशक्त बनाने में सफलता हासिल होगी जो किसानों, व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के हित में काफी उपयोगी होगा ।

<u>राज्य के बाजार समितियों की सूची</u>

वर्त्तमान में झारखण्ड में कुल- 28 बाजार समितियां कार्यरत हैं, जो निम्न प्रकार हैं:- (1) राँची (2) जमशेदपुर (3) धनबाद (4) हजारीबाग (5) रामगढ़ (6) डालटनगंज, (7) बोकारो (8) गिरिडीह (9) गढ़वा (10) देवघर (11) चाकुलिया (12) गुमला (13) सिमडेगा (14) लोहरदगा (15) कोडरमा (16) सरायकेला (17) गोड्डा (18) खूँटी (19) बेरमो (20) मधुपुर (21) साहेबगंज (22) बरहरवा (23) लातेहार (24) पाकुड़ (25) चतरा (26) चाईबासा (27) जामताड़ा (28) दुमका

वर्ष 2007 में राज्य सरकार ने अधिनियम में संशोधन कर मॉडल एक्ट लागू करने का निर्णय लिया, वर्ष 2008 में इस अधिनियम को मॉडल एक्ट के अनुरूप कुछ धाराओं को संशोधित कर पारित किया गया ।

1. राज्य सरकार द्वारा मनोनित - अध्यक्ष
2. वित्त विभाग का एक पदाधिकारी - सदस्य
3. कृषि विभाग के दो पदाधिकारी - सदस्य

4. राजस्व विभाग का एक पदाधिकारी - सदस्य
5. ग्राम्य अभियंत्रण संगठन का मुख्य अभियन्ता पदेन - सदस्य
6. मुख्य नगर योजनाकार (टाउन प्लानर) पदेन - सदस्य
7. वरिष्ठ विपणन अधिकारी - सदस्य
8. भारतीय स्टेट बैंक का प्रबन्ध निदेशक - सदस्य
9. कृषक प्रतिनिधि - 5 सदस्य
10. प्रबन्ध निदेशक - सदस्य सचिव
11. निदेशक विपणन - सदस्य

समिति के कुल सदस्यों की संख्या अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष सहित 18 निर्धारित हैं, जो निम्न प्रकार है :-

1. अनुमण्डल पदाधिकारी - अध्यक्ष (पदेन)
2. उपाध्यक्ष - समिति के कृषक सदस्य के बीच से निर्वाचित
3. कृषक सदस्य (7) - सदस्य
4. अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी निर्वाचन क्षेत्र से (2) - सदस्य
5. सहकारी सहयोग समिति से निर्वाचन (2) - सदस्य
6. भारतीय स्टेट बैंक से नाम निर्देशित व्यक्ति (1) - सदस्य
7. नगरपालिका/अधिसूचित क्षेत्र समिति अथवा नगर पंचायत के सदस्यों के बीच से निर्वाचित एक व्यक्ति - सदस्य
8. जिला परिषद के सदस्यों के बीच से नाम निर्देशित(1) - सदस्य
9. एक कृषि विभाग द्वारा नाम निर्देशित व्यक्ति - सदस्य
10. विधानमण्डल का एक सदस्य जिसके निर्वाचन क्षेत्र में बाजार समिति का मुख्य बाजार प्रांगण अवस्थित है - सदस्य
11. पणन सचिव - सदस्य सचिव

<u>बाजार समिति की आधारभूत संरचना</u>

विभिन्न 28 बाजार समितियों में 17 मुख्य बाजार प्रांगण अवस्थित है ।

602 हाट तथा **28** बाजार समिति में स्थित आधारभूत संरचना **:-**

प्रशासनिक भवन	17	दुकान-सह-गोदाम एवं सण्डी सॉप	5235
आच्छादित चबुतरा	2429	चापाकल	865
खुला चबुतरा	719	शौचालय	128
गोदाम	246	कुआँ	12
चेकपोस्ट	17	टी०ओ०पी०	5
बैंक भवन	14	जेनरेटर कक्ष	11
दूरभाष केन्द्र	5	पानी टंकी	12
कैन्टिन	12	सम्यक पथ एवं पुलिया	98
किसान भवन	43	कोल्ड चेन ग्रेडिंग सौर्टिंग	16
6000 मे0 टन गोदाम	22	अपनी मण्डी	9 (निर्माणाधीन)
100 मे0 टन गोदाम	55 (20 अदद में कार्य चल रहा है)		

<u>जनसूचना पदाधिकारी</u>

नाम :- श्री अजीत कुमार सिंह
पदनाम :- निदेशक विपणन
सम्पर्क नं० :- 9431128211
ई-मेल :- jsambranchi@yahoo.co.in

<u>मुख्यमंत्री जनसंवाद केन्द्र, नोडल पदाधिकारी</u>

नाम :- श्री कार्तिक कुमार प्रभात
पदनाम :- निदेशक निगरानी
सम्पर्क नं० :- 9430172900
ई-मेल :- kartikprabhat@gmail.com

झारखण्ड राज्य कृषि विपणन पर्षद का वेबसाईट :- <u>www.jsamb.nic.in</u>

बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, काँके, राँची

<u>बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, राँची के दृष्टिकोण</u>

- स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच.डी. और अन्य पाठ्यक्रमों द्वारा दक्ष तकनीकी मानव संसाधन तैयार करना ।
- कृषि, पशुचिकित्सा विज्ञान, जैवप्रौद्योगिकी, वानिकी और मस्तिस्क के क्षेत्र में मौलिक और क्षेत्र विशेष की जरूरतों पर आधारित अनुसंधान करना ।
- क्षेत्र के कृषि परिदृश्य तथा अनुसूचित जनजातियों और अन्य कमजोर वगोर्ं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए आधुनिक तकनीक विकसित और प्रसारित करना ।
- राज्य सरकार के पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, अन्य संगठनों तथा किसानों के लिए आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम तैयार करना ।
- विश्वविद्यालय के संसाधनों के उपयोग और विकास के लिए राजकीय उपक्रमों, राष्ट्रीय और अन्तर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोगात्मक सम्बन्ध स्थापित करना ।

विश्वविद्यालय की इकाइयाँ

- **महाविद्यालय :** विश्वविद्यालय के अन्तर्गत वर्तमान में काँके मुख्य परिसर में चार महाविद्यालय हैं - कृषि महाविद्यालय, पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, वानिकी महाविद्यालय तथा जैव प्रौद्योगिकी महाविद्यालय ।
- क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र : क्षेत्र विशेष की समस्याओं, जरूरतों एवं प्राथमिकताओं पर आधारित अनुसंधान करने के लिए अनुसंधान निदेशालय के अन्तर्गत विभिन्न कृषि-मौसम क्षेत्रों में तीन क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र कार्यरत हैं -
  - क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी (पलामू)
  - क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, दारिसाई (पूर्वी सिंहभूम)
  - क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, दुमका
- कृषि विज्ञान केन्द्र : जिला स्तर पर प्रौद्योगिकी के आकलन, परिष्करण, प्रत्यक्षण एवं प्रसार के लिए आईसीएआर के सहयोग से विश्वविद्यालय के अन्तर्गत 16 कृषि विज्ञान केन्द्र कार्यरत हैं । ये केन्द्र जगन्नाथपुर (पश्चिमी सिंहभूम), चियांकी (पलामू), महेशपुर (पाकुड़), किस्को (लोहरदगा), पेटरवार (बोकारो), दुमका, बेंगाबाद (गिरिडीह), साहिबगंज,बलियापुर (धनबाद), तपेज (चतरा), गढ़वा, दारिसाई (पूर्वी सिंहभूम), बेना (जामताड़ा), बालूमाथ (लातेहार), बानो (सिमडेगा) और खरसावां (सरायकेला) में अवस्थित हैं ।

शैक्षणिक कार्यक्रम

पाठ्यक्रम का नाम	**सत्र 2016-17 में सीटों की संख्या**
❖ बी.एससी. (कृषि)	50
❖ बी.वी.एससी. एण्ड ए.एच.	40
❖ बी.एससी. (वानिकी)	26
❖ एम.एससी. (कृषि)	56
❖ एम.वी.एससी.	35
❖ एम.एससी. (वानिकी)	18
❖ एम.एससी. (जैवप्रौद्योगिकी)	12
❖ एम.बी.ए. (कृषि व्यवसाय)	30
❖ डिप्लोमा इन एक्वाकल्चर	10
❖ सर्टिफिकेट कोर्स इन एक्वाकल्चर	10
❖ डिप्लोमा इन फूड प्रोसेसिंग	10
❖ सर्टिफिकेट कोर्स इन बेकरी एण्ड कन्फेक्शनरी	10
❖ सर्टिफिकेट कोर्स इन फ्रूट एण्ड वेजिटेबल प्रोसेसिंग टेक्नॉलाजी	10
❖ पीएच.डी. (कृषि)	15
❖ पीएच.डी. (पशुचिकित्सा)	06
❖ पीएच.डी. (वानिकी)	01

अन्तरस्नातक पाठ्यक्रमों में नामांकन झारखंड संयुक्त प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा के आधार पर भेजे गये चयनित अभ्यर्थी का होता है । इसके लिए उम्मीदवारों के नाम बोर्ड द्वारा ही विश्वविद्यालय को भेजे जाते हैं । स्नातकोत्तर एवं पीएच.डी. पाठयक्रमों में प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय अपने स्तर से प्रवेश परीक्षा आयोजित करता है। डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों में नामांकन क्वालिफाइंग परीक्षा में प्राप्त अंक के आधार पर होता है ।

अनुसंधान

- विश्वविद्यालय ने धान, गेहूँ, मूंगफली, अरहर, मक्का, मडुआ, सरगुजा, सरसों, तीसी, सोयाबीन आदि फसलों के 40 से अधिक प्रभेद जारी किये हैं, जो विपरीत मौसम परिस्थितियों में भी बेहतर उत्पादन देने की क्षमता रखते हैं ।

- झारखंड की ग्रामीण परिस्थिति में लाभकारी ढंग से पाली जाने योग्य मुर्गी की प्रजाति "झारसीम" जारी की गयी है । इसी प्रकार सूअर की प्रजाति "झारसूक" जारी की गयी है, जो देशी नस्ल की तुलना में 4-5 गुना ज्यादा लाभ देती है ।
- वर्तमान में विश्वविद्यालय में आईसीएआर की 38 समन्वित अनुसंधान परियोजनाएँ, 07 नेटवर्क परियोजनाएँ, भारत सरकार द्वारा वित्त-पोषित 9 शोध परियोजनाएँ, अन्तर्राष्ट्रीय एजेन्सियों द्वारा वित्त-पोषित 5 परियोजनाएँ तथा अन्य संस्थाओं के सहयोग से 22 एडहॉक एवं अन्य परियोजनाएँ चल रही हैं । राज्य सरकार के वित्तीय सहयोग से योजना मद में 4 तथा गैर-योजना मद में 23 शोध परियोजनाएँ चलायी जा रही हैं ।

प्रसार शिक्षा

- कृषि प्रौद्योगिकी सूचना केन्द्र (एटिक) द्वारा किसानों को तकनीकी परामर्श, हिन्दी एवं क्षेत्रीय भाषाओं में प्रसार साहित्य, हेल्पलाईन सेवा मथा गुणवत्तायुक्त कृषि उपादान उपलब्ध कराया जा रहा है ।
- किसान कॉल सेन्टर के माध्यम से दूरभाष पर किसानों की खेती-बारी सम्बन्धी दैनन्दिन समस्याओं का समाधान किया जाता है ।
- वर्श 2008 से यहां बिरसा हरियाली रेडियो स्टेशन चल रहा है, जो किसानों के लिए कार्यक्रम प्रसारित करता है। इस रेडियो स्टेशन के 10-12 किलोमीटर रेडियस में कार्यक्रम का प्रसारण सुना जा सकता है ।
- विश्वविद्यालय मुख्यालय स्थित प्रशिक्षण इकाई और जिलों में अवस्थित कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा किसानों, कृषक महिलाओं, ग्रामीण युवाओं तथा सरकारी एवं गैर-सरकारी संगठनों के प्रसार कर्मियों के लिए कृषि, पशुपालन, वानिकी, प्रसार प्रबन्धन आदि विषयों पर सालों भर विभिन्न अवधि के तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं ।

छात्र कल्याण

- विद्यार्थियों के लिए सभी संकायों में पर्याप्त छात्रावास हैं, क्योंकि यहां का शिक्षण कार्यक्रम आवासीय है । यहां के विद्यार्थी समय-समय पर बी०ए०यू० द्वारा आयोजित सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं । अन्तरविश्वविद्यालय क्रीड़ा महोत्सव एवं युवा महोत्सव में भी उनकी सक्रिय भागीदारी होती है । संकाय एवं केन्द्रीय स्तर पर परामर्श एवं प्लेसमेंट कोषांग भी कार्यरत है ।

जन कल्याण कोषांग

विश्वविद्यालय कर्मियों, पेंशनरों, विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के लिए कई कोषांग/समितियों का गठन किया गया है, जैसे:-

क्र०सं०	**कोषांग/समितियों का नाम**	**अध्यक्ष/ प्रभारी**
1-	पेंशन अदालत कोषांग	डॉ. महादेव महतो
2.	दिव्यांग कोषांग	डॉ. मणिगोपा चक्रवर्ती
3.	महिला शिकायत निवारण कोषांग	डॉ. रेखा सिन्हा
4.	जन सूचना कोषांग	डॉ. रमेश कुमार (अपीलीय पदाधिकारी) एवं डॉ. शैलेश चट्टोपाध्याय (जन सूचना पदाधिकारी)
5.	CPGRAMS एवं मुख्यमंत्री जन संवाद केन्द्र	डॉ. बी. के. अग्रवाल (नोडल पदाधिकारी)

<u>पशुपालन निदेशालय</u>

<u>पशुपालन निदेशालय के दृष्टिकोण</u> **:-**

1. समन्वित पशु स्वास्थ्य सुरक्षा कार्यक्रमों द्वारा पशुधन को स्वस्थ रखना तथा उसकी पूर्ण क्षमता का उपयोग ।
2. विभागीय एवं वैज्ञानिक नीतियों से विभिन्न पशुधन की प्रजनन व उत्पादन क्षमता में बढ़ोत्तरी तथा स्वदेशी पशुधन प्रजातियों का संरक्षण एवं संवर्धन करना ।
3. उन्नत पशु प्रबन्धन विधियों का प्रचार प्रसार करना ।
4. ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों के सामाजिक एवं आर्थिक उन्नयन हेतु बकरी/कुक्कुट/सूकर पालन के द्वारा स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना ।
5. गो नस्ल, गोवंशीय पशुओं की अवैध तस्करी/परिवहन पर **गो सेवा आयोग** के माध्यम से प्रभावी नियंत्रण रखना ।
6. प्रदेश में विभिन्न पशुधन उत्पादों की क्षमता में वृद्धि कर दूध, ऊन, अण्डा व माँस आदि का उत्पादन बढ़ाना ।

<u>पशुपालन निदेशालय का लक्ष्य</u>:-

पशुपालन निदेशालय द्वारा किसानों के समग्र सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान हेतु निम्न सेवायें उपलब्ध करायी जा रही है:-

1. पशु चिकित्सा एवं रोगों के रोकथाम हेतु 430 पशुचिकित्सालयों/पशुऔषधालयों के माध्यम से निरंतर सेवा प्रदान करना है । राज्य के प्रत्येक प्रखण्ड में पशु चिकित्सालय एवं जिला स्तर पर प्रान्तीयकृत पशुचिकित्सालय उपलब्ध हैं ।
2. विभिन्न पशु रोगों के नियंत्रण हेतु सघन टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है । बड़े पशुओं में गलाघोंटू, बीक्यूॅ, खुरपका-मँहुपका रोग निदान हेतु टीकाकरण एवं छोटे पशुओं यथा बकरियों में पीपीआरॉ, सूकरों में स्वाइन फीवर रोग के प्रति प्राथमिकता के आधार पर सम्पादित किया जाता है, साथ ही पशु मेला तथा हाटों में भी पशुओं का संक्रामक रोगों से बचाव हेतु टीका कराना एवं संगरोध शिविर में रखा जाना ।
3. टीकाकरण के लिये प्रमुख टीकौषिधी (वर्तमान में सूकर ज्वर) का उत्पादन, पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, कांके स्थित जैविक औषधि संस्थान द्वारा किया जाता है और अन्य टीकौषिधी को बाहरी स्रोत से भी समय-समय पर क्रय कर उपलब्ध कराया जाता है ।
4. पशुओं में उत्पन्न होने वाली बीमारियों के निदान हेतु रोगों की जाँच/पैथोलाजी की सुविधा प्रमंडल स्तर पर 4 (चार) प्रमंडलीय रोग निदान प्रयोगशालाओं तथा राज्य स्तर पर एक केन्द्रीय प्रयोगशाला पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान, कांके द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है । प्रत्येक जिला स्तर पर विशिष्ट पशुचिकित्सा हेतु प्रान्तीयकृत पशुचिकित्सालय, प्रखंड स्तर पर पशु औषधालय एवं चयनित सात जिलों में कुत्तों एवं अन्य पालतू पशुओं की चिकित्सा हेतु पेट ि्क्लीनिक की स्थापना कर मूलभूत पशुचिकित्सा सेवाये उपलब्ध कराई जा रही है ।
5. रिन्डर पेस्ट घातक बीमारी प्रदेश में समाप्त हो चुकी है परन्तु इस बीमारी का पुन: प्रकोप न होने के उद्देश्य से निरन्तर मॉनीटिरिंग की जा रही है ।
6. पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान (L.R.S.), कांके स्थित PDADMAS के अन्तर्गत डिजीज़ सर्वेलेन्स एवं मॉनीटिरिंग सेल द्वारा प्रदेश में पशुओं की प्रमुख बीमारियों पर नियंत्रण प्राप्त करने के उद्देश्य से रोग सर्वेलेन्स का कार्य सतत् निष्पादित किया जा रहा है ।
7. रैबीज, स्वाइन फीवर, टी०बी०, ब्रुसोलोसिस, तथा मुर्गियों की प्रमुख बीमारियों के निदान एवं नियंत्रण हेतु विशेष ईकाइयाँ कार्यरत है ।

8. वर्तमान समय में बाँझपन पशुओं की प्रजनन क्षमता में ह्रास की जटिल समस्या हो रही है जिसके निवारण हेतु विशेष बाँझपन निवारण शिविर लगाकर पशुपालकों को सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है । स्टलिटी, इन्फर्टिलिटी एवं एर्बाशन कन्ट्रोल हेतु विशेष ईकाइयाँ कार्यरत है ।

9. पशुधन विकास कार्यक्रम अन्तर्गत प्रमुख रूप से गायों एवं भैसों में प्रजनन कार्य अतिहिमिकृत वीर्य तथा नैसर्गिक अभिजनन द्वारा किया जा रहा है । प्रजनन कार्यक्रम को सुदृढ़ करने हेतु झारखण्ड स्टेट इम्पलीमेंटिंग एजेंसी (J.S.I.A.), होटवार का गठन किया गया है । जिसके माध्यम से गाय, भैस प्रजनन कार्यक्रम की निरन्तरता के लिये विशेष सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है ।

